# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार, 8 अप्रैल 2024


तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री


09 लोकसभा चुनाव में जीत का लिया गया संकल्प





10 बढ़ते यातायात दबाव से आए दिन हो रही दुर्घटनाएं...






## खबर संक्षेप



### धान की फसल में लगे कीट प्रकोप से किसान परेशान

**मैनपुर।** क्षेत्र में कई किसानों ने ग्रीष्मकालीन धान और मक्का की फसल ले रहे है। धान की फसल में बालियॉ आ गई है लेकिन तरह तरह कीट प्रकोप और बीमारियों के चलते किसान बेहद परेशान हो गये है। तरह- तरह के दवा का छिडकाव कर रहे है। बावजूद इसके धान की फसल में बीमारी कम नहीं हो रही है।

### कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज का मैनपुर क्षेत्र में जनसंपर्क आज

**मैनपुर।** छत्तीसगढ शासन के पूर्व गृहमंत्री एंव महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू 08 अप्रैल को बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में



पहुंचकर जनसम्पर्क करेंगे। उनके साथ बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव, जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद के अध्यक्ष भावसिंह साहू भी उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर कार्यकारणी अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव ने देते हुए बताया कि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस सांसद पद के प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू 08 अप्रैल को दोपहर 12 बजे मैनपुर पहुचेंगे। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल होंगे और जनसम्पर्क करेंगे। दोपहर 1 बजे धवलपुर, 2 बजे दर्रीपारा, 3 बजे नागाबुडा, 4 बजे लोहारी, 5 बजे रसेला एंव 5:30 बजे रसेला से महासमुंद प्रस्थान करेंगे।

### घर में घुसकर नाबालिग से छेड़छाड़, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने के मामले में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। खल्लारी पुलिस ने बताया है कि आरोपी सुनील मेहर पिता आशाराम ग्राम पचेड़ा एक नाबालिग लड़की के घर में जबरदस्ती घुस कर उसके साथ गलत व्यवहार करने लगा। इस घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक पर धारा 457, 354 भादवि 8, 10 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध कायम किया है।

### खेत से पंप की चोरी

**महासमुंद।** तुमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम मुसकी के खेत से 3 एचपी मोटर पंप की चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी से प्रार्थी सहदेव ध्रुव पिता स्व.विश्राम (59) मुसकी के खेत से 3 एचपी मोटर पंप कीमत 7 हजार रुपए को किसी अज्ञात शख्स ने चोरी कर लिया।

## तेज गर्मी से बेहाल नौनिहाल : 235 आंगनबाड़ियों में नहीं है शौचालय, 187 निजी भवनों में हो रहे संचालित

# मैनपुर-देवभोग ब्लॉक के 562 आंगनबाड़ियों में 23 हजार बच्चे, मात्र 64 में पंखे की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर एवं देवभोग क्षेत्र में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्रो में सुविधाओं के अभाव के चलते हजारो नवनिहाल 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

> ■ सूखा बच्चों का हलक, 90 प्रतिशत रनिंग वाटर से नहीं मिल रहा पानी

खासकर गर्मी के इन दिनों में छोटे-छोटे बच्चों को गर्मी में पसीने से तर-बतर होते देखा जा रहा है क्योकि आंगनबाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं की कमी है। महिला बाल विकास विभाग द्वारा मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में कुल 342 एवं देवभोग विकासखण्ड क्षेत्र में 220 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हो रहे है जिसमें 23 हजार से अधिक बच्चे अध्यनरत है। और नवम्बर 2023 की स्थिति में 2467 बच्चे कुपोषण की श्रेणी में आते हैं। शासन द्वारा इन दोनों विकासखण्ड क्षेत्रों में आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए लाखों करोड़ों रूपये की राशि जारी किया गया है। उसके बावजूद भी आज 4-5 वर्षों से 78 आंगनबाड़ी भवन अधूरे पड़े हुए है। जिसके कारण 187 आंगनबाड़ी नीजी भवनों जैसे सामुदायिक भवन या किराये के भवन में संचालित किया जा रहा है और तो और मात्र 82 आंगनबाड़ी केन्द्रो में ही बिजली की सुविधा है जिसमें 64 आंगनबाड़ी केन्द्र में ही पंखे लगे हुए है इस भीषण गर्मी में मैनपुर और देवभोग विकासखण्ड क्षेत्र के 23 हजार से अधिक बच्चे भीषण गर्मी में परेशान हो रहे है। और तो और 235 आंगनबाड़ी केन्द्रो में शौचालय तक की व्यवस्था नहीं है।



### प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है

महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पांडेय ने बताया मैनपुर और देवभोग क्षेत्र में आंगनबाड़ी केन्द्रो में बिजली और पंखा के साथ ही अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने पूर्व में ही प्रस्ताव बनाकर भेजे गये है। उन्होने बताया मैनपुर और देवभोग विकासखण्ड क्षेत्र में मात्र 64 आंगनबाड़ी केन्द्रो में पंखे की सुविधा है।




**डेढ़ वर्ष बाद भी 1 रूपये नहीं मिला-** गरियाबंद सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष बलदेव राज ठाकुर ने बताया कि कई आंगनबाड़ियों में रनिंग वाटर पेयजल उपलब्ध कराने पंचायत द्वारा जो कार्य किया गया है। एक डेढ़ वर्ष बाद भी एक रूपये नहीं मिला जबकि पीएचई विभाग द्वारा कार्य करने कहा गया था।

### आंगनबाड़ियों में साफ पानी नहीं

क्षेत्र के 148 एवं देवभोग क्षेत्र के 84 आंगनबाड़ी केंद्रों में करोड़ों रूपये खर्च कर छोटे-छोटे बच्चों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने पीएचई विभाग द्वारा जन जीवन मिशन योजना के तहत रनिंग वाटर सिस्टम लगाया गया है लेकिन यह दुर्भाग्य ही कहे कि अब तक एक दर्जन के छोड़ सैकड़ों रनिंग वाटर सिस्टम से पानी ही नहीं निकला। जून जुलाई 2023 तक 80 फीसदी काम भी कर लिया गया, लेकिन जब बच्चे स्कूल पहुंचे तब तक ज्यादातर जगह नल की टोटियां और सप्लाई पाइप टूट चुके थे। अधिकांश स्कूलों में बिजली ही नहीं है तो रनिंग वाटर में पानी कैसे चढ़ंगा यह शोध का विषय हैं।

### कवेलू, जर्जर खपरैल वाले भवनों में आंबा का संचालन

मैनपुर और देवभोग विकासखण्ड क्षेत्र में कई आंगनबाडी भवन की हालत बेहद जर्जर हो गई है लगभग 30 से 35 वर्ष पुराने इस कवेलू खपरैल वाले एक कमरे के जर्जर मकान में आंगनबाडी संचालित किया जा रहा है। छोटे -छोटे बच्चों की जान से खिलवाड किया जा रहा है, आंगनबाडी ऐसे जर्जर भवन में संचालित हो रहा है कि कभी भी धराशाही हो सकता है, लेकिन इस ओर विभाग के जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नहीं देने से ग्रामीणो में आक्रोश देखने को मिल रहा है।



### हमने काम नहीं किया मरम्मत क्यों करें : सरपंच

योजना के तहत स्कूल के लिए प्रति कनेक्शन 1.20 लाख और आंगनबाड़ी के लिए 1.5 लाख मंजूर था। काम कराने का जिम्मा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को दिया गया। योजना में होने वाले खर्च का 85 फीसदी रकम जलजीवन मिशन से और 15 फीसदी राशि पंचायतों को प्राप्त 15 वे वित्त मद से देना था। लेकिन अधिकांश काम एजेंसी के द्वारा किया गया और पैसा भी निकाल लिया गया जिस पर अधिकांश सरपंचो का कहना है काम हम लोग नहीं किये है तो मरम्मत कैसे करेंगे।



# तेज हवा के साथ हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

रविवार को मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल गया। अप्रेल के 40 डिग्री तापमान के बीच अचानक सुबह-सुबह आकाश पे बादल छा गए। देखते ही देखते अंधेरा हो गया और इसी के साथ तेज हवाएं चलने लगी। कुछ ही देर में बारिश होने लगी। हालांकि ये बारिश 10-12 मिनट की रही मगर लोगों को एकबारगी डरा ही दिया था। इसके 19 दिन ठीक पहले 19 मार्च को ऐसे ही तेज रफतार में तुफान और बारिश के साथ ओले गिरे थे। लोगों को ये समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर हो क्या रहा है। मार्च-अप्रेल,मई-जून को ग्रीष्मकाल कहा जाता है। लोग गर्मी से बेहाल रहते है। मार्च से ही 30-32 डिग्री तापमान से शुरूआत होकर मई और जून तक 43-44 डिग्री तापमान पहुंच जाता है। बात यदि अप्रेल की करें तो अप्रेल लगने के साथ ही तापमान 40 डिग्री चल रहा था। इसी के साथ लोग तेज गर्मी का अहसास करने लगे थे कि अचानक मौसम परिवर्तन हो गया। एक ही दिन के मौसम बदलने से बारिशकाल जैसा नजारा हो गया। तेज गर्मी की जगह लोगों को बारिश देखने को मिला। इस दौरान सड़को पे चलने वाली वाहनो के पहिए जहां के तहां थम गए। लेकिन कुछ ही देर बाद मौसम साफ हो गया और धूप निकल आई। वैसे रविवार का दिन बादल के लुका छिपी से चलता रहा। गर्मी का अहसास कम हुआ।

### हिन्दू नव वर्ष मनाने जुटे धर्म प्रेमी




छुरा। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र प्रतिपदा 9 अप्रैल मंगलवार को हिन्दू नव वर्ष विक्रम संवत 2081 के आगमन को हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से व हिन्दू संस्कृति के अनुसार मनाने की तैयारी में मानस यज्ञ समिति एवं समस्त धर्म प्रेमी छुरा नगर जुटे हैं। मंदिर को विशेष रुप से सजाया जा रहा है 9 अप्रैल को सुबह 6 बजे गौरी गणेश वंदना एवं भजन कीर्तन होगा, सुबह 7 बजे वरुण कलश पूजा देव पंचांग पूजन एवं शंखनाद होगा पश्चात सुबह 7:20 बजे संक्षिप्त रामायण सामुहिक पाठ, हवन, आहुति पूर्णाहुति एवं महाआरती होगी। सुबह 8 बजे विप्रगणों द्वारा मंत्र पुष्पांजलि एवं प्रणव ऊं उच्चारण किया जायेगा। सुबह 9 हिन्दू नव वर्ष के महत्व की जानकारी पश्चात प्रसाद वितरण किया जायेगा। पंडित भोला प्रसाद पांडेय ने अपील किया है कि हमारी हिन्दू संस्कृति भारतीय संस्कृति की रक्षा एवं प्रचार प्रसार एवं नई पीढ़ी को संस्कारित करने हेतु आप सभी इस पुनीत कार्यक्रम में शामिल हों व अपने बच्चों को सहभागी बनावें। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु गोपाल सोनी, शीतल ध्रुव आदि लगे हुए हैं।

# सागौन लकड़ी से लदे पिकअप सहित एक आरोपी गिरफ्तार

### 4 आरोपी जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद वनमंडल के वन परिक्षेत्र मैनपुर अंतर्गत सागौन लकड़ी की अवैध तस्करी करते लकड़ी से लदा पिकअप एवं आरोपी को पकडने में वन विभाग ने एक बड़ी सफलता प्राप्त किया है। वन विभाग द्वारा सामूहिक गश्ती दल द्वारा रविवार को सुबह 7:00 बजे मैनपुर परिक्षेत्र के उप परिक्षेत्र मैनपुर अन्तर्गत परिसर बेहराडीह में वन एवं वन्यप्राणियों की सुरक्षा हेतु सामूहिक गश्ती के दौरान ज्ञात हुआ कि कुछ व्यक्ति उडिया भाषा में बात कर रहे हैं, संदेह होने पर वन विभाग के टीम लीडर नरेश लाल नाग उप वनक्षेत्रपाल, परिक्षेत्र सहायक मैनपुर द्वारा टीम के सदस्यों का 02 दल बनाकर नजर रखने की योजना बनाकर निरन्तर संदिग्धों पर नजर रखा जा रहा था। इसी दौरान वन क्षेत्र कक्ष क्रमांक 1091 (पुराना), पी 948 (नया) के वन क्षेत्र में किसी माल वाहक वाहन के



स्टार्ट होने की आवाज आने पर टीम द्वारा क्षेत्र का घेराबंदी किया गया। घेराबंदी किये जाने की भनक अपराधियों को लगते ही 01 नग महेन्द्रा बोलेरो मेक्सी माल वाहक वाहन तथा 01 नग मोटर सायकल प्लेटिना को मौके में छोड़कर फरार हो रहे थे। इसी दौरान घेराबंदी तथा दौड़ाकर 01 आरोपी फनेस नेताम उम्र 28 वर्ष निवासी गोना को पकड़ा गया। उनके साथ शामिल अन्य 4 अपराधियों को भी दौड़ाकर पकड़ने की कोशिश किया गया, लेकिन घने जंगल का फायदा उठाकर आरोपीगण फरार होने में सफल हुये। जप्त वाहनों को पृथक से राजसात की कार्यवाही हेतु न्यायालय को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है। इस कार्यवाही में नरेश लाल नाग उपवनक्षेत्रपाल, ईश्वरी मरकाम, उपवनक्षेत्रपाल, उधोराम धुरव, उपवनक्षेत्रपाल, देवदत्त तिवारी वनपाल, अघन सोरी, वनरक्षक, टुमेश नागवंशी, वनरक्षक, गौरीशंकर प्रधान, वनरक्षक, किर्तन पटेल, वनचौकीदार एवं सुकरू कमार, सोपसिंग कमार, बिहारी अग्नि सुरक्षा श्रमिक तथा दैनिक सुरक्षा श्रमिकों का इस कार्यवाही में सराहनीय योगदान रहा।

### चाकू की नोक पर दो लोगों से लूटपाट

**महासमुंद।** तुमगांव थाना से चाकू दिखाकर दो लोगों से लूटपाट करने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी राहुल साहू एवं उसके 2 अन्य साथियों ने मिलकर अछोला शराब दुकान के सामने प्रार्थी खुमान साहू पिता नारद (42) खौली थाना खरोरा से 13650 रुपए और एवं प्रार्थी बलराम निषाद पिता लखन (38) गढ़सिवनी से 17990 रुपए लूटकर भाग निकले। दोनों प्रार्थियों की अलग-अलग रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 341, 394, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।


**पाठक सूचना**

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468


### मतदाता जागरूकता के तहत हुई नुक्कड़ नाटक एवं रंगोली प्रतियोगिता

# महिलाओं ने मतदाताओं को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता लाने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फिंगेश्वर विकासखंड में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत शुभ सवेरा क्लस्टर संगठन श्याम नगर की महिला सदस्यों ने मतदाता जागरूकता के तहत विभिन्न गतिविधियों में भागीदारी निभाई। इसके माध्यम से लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया।



मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक,सुआ नृत्य,मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, कलश एवं दीपक जलाकर रैली निकाला गया। साथ ही सदस्यों ने मतदाता जागरूकता का शपथ लिया। मतदाता जागरूकता लाने हेतु अमृत सरोवर तालाब में दीप जलाकर दीपदान भी किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत फिंगेश्वर से एडिशनल सीईओ ज्योति बाला,बीपीएम ठाकुर, पीओ रीना, अभय, क्षेत्रीय समन्वयक तेजस्वी सिंहा, रेवती रमन, पीआरपी हीरालाल गायकवाड, समस्त पंचायत सचिव क्लस्टर संगठन अध्यक्ष लोकेश्वरी साहू, रोजगार सहायिका व ग्राम संगठन पदाधिकारी, आरबीके, एफएल सीआरपी, जेंडर मास्टर ट्रेनर, समृद्धि सखी, कृषि मित्र, पशु सखी, पोषण सखी, सक्रिय महिला एवं बिहान की दिदिया तथा गांव के गणमान्य नागरिक सभी उपस्थित रहे।


NEET एवं JEE एक जूनून है और GOAL इसकी शुरूआत!

GOAL® Educational Services Pvt. Ltd. Nation's Leading Institute

Admission Open

FOUNDATION

9th | 10th | 11th | 12th for Board, NEET / JEE

Classes Starts on 08, 12, 15 & 19 April 2024

SUMMER COURSE: 11th & 12th Board with NEET / JEE Classes Starts on 15th April

DROPPER BATCH: NEET / JEE 2025 Registration Open

FEATURES
- यह संस्थान छात्रों के लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक सटीक योजना एवं रणनीति के साथ छ.ग. में 1700 छात्रों को सफल डॉक्टर बनाने में 17 वर्षों का अनुभव प्राप्त है। (Result Oriented Study & Experience)
- यह संस्थान जहां अनुभवी शिक्षक व कुशल सक्षम एवं समर्पित प्रबंधन टीम है (Management Team)
- यह संस्थान में जहां छात्रों को बेहतर पढ़ाई के साथ-साथ उनका (Care System) बेहतर है।
- यह संस्थान में जहां छात्रों की पढ़ाई एक प्रतिस्पर्धात्मक (Compititive) माहौल है।
- यह संस्थान में जहां छात्रों की English एवं Hindi Medium के लिए Separate Faculty & Separate Batch उपलब्ध है। जिससे छात्रों को Medium की परेशानी नहीं होती है।
- यह संस्थान में जिसका Acadmic Programe में सही समय पर Syllbus की समाप्ति, उसका रिविजन, टेस्ट प्रोग्राम तत्पश्चात डिस्कशन, डाऊट क्लासेस एवं सपोर्ट की अच्छी व्यवस्था दिया गया है।

BHILAI: 166, NEW CIVIC CENTRE, PH- 0788-4013502, 7415884100
BHILAI: GOAL GENIUS CAMPUS, RISALI, PH- 0788-4040300, 7772060999
BHILAI: 139, ZONAL MARKET, SECTOR-10, PH- 9826943595 0788-4064100
RAIPUR: BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711

website : www.goalinstitute.org, Email : goalinstitutebhilai@gmail.com, Facebook : goalinstitutebhilai

## खबर संक्षेप

### चेट्रीचंड्र पर्व पर क्विज देश-विदेश से ले रहे हिस्सा



**रायपुर।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर सिंधी ब्लॉगर प्रशांत गावरी ने चेट्रीचंड्र पर्व के उपलब्ध में क्विज काम्पीटिशन की शुरुआत की है, जिसमें देश-विदेश से सिंधुजन क्विज में हिस्सा ले रहे हैं। प्रशांत ने बताया कि नई पीढ़ी को सिंधी समाज के रीति-रिवाज, पर्व-त्योहार, परंपरा, सामाजिक व्यवस्था, रिश्तेदारी आदि की बेहद कम जानकारी है, ऐसे में वे समाजजनों को इससे रूबरू कराने में जुटे हुए हैं। सोशल मीडिया पर क्विज काम्पीटिशन के जरिए वे सिंधुजनों को महत्वपूर्ण जानकारियां देने प्रयासरत हैं। क्विज के विजेताओं को भगवान झूलेलाल की चांदी की तस्वीर भेंट की जाएगी।

### बीआईटी ग्राउंड में कार्यक्रम आज, शामिल होंगे सीएम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा शंकरनगर स्थित बीटीआई ग्राउंड में 7 अप्रैल को चेट्रीचंड्र की पूर्व संध्या पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और चंड्र जी रात कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी और प्रवक्ता सुभाष बजाज ने बताया कि विगत दिनों मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की टीम ने बतौर मुख्य अतिथि 7 अप्रैल को बीटीआई ग्राउंड में शामिल होने आमंत्रित किया, जिसे मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार करते हुए वहां आने की सहमति दी।

### गांजा बेचने ग्राहक तलाशते पकड़ा गया तस्कर



**रायपुर।** आमानाका पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक के कब्जे से 25 हजार रुपए कीमत का ढाई किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक गुलाब कंडारा के कब्जे से गांजा जब्त किया गया है। गुलाब चंदनीडीह में गांजा बेचने की फिराक में ग्राहक तलाश रहा था, इसी दौरान पुलिस ने उसे गांजा बेचते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

### चोरी के आरोप में नाबालिग समेत दो गिरफ्तार



**रायपुर।** खम्हारडीह पुलिस ने चोरी के आरोप में एक नाबालिग समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक चोरी के आरोप में विकास उर्फ राहुल कुर्रे तथा उसके नाबालिग साथी को गिरफ्तार किया गया है। दोनों ने दो माह पूर्व एक हार्डवेयर दुकान में तथा होली के समय एक निर्माणाधीन मकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से दो लाख कीमत का चोरी का सामान बरामद किया है।

### नर्सरी स्कूलों के रेगुलेशन आर्डर पर निजी स्कूल एसोसिएशन को आपत्ति

रायपुर। पूर्व माध्यमिक शालाओं के विनियमन आदेश को त्रुटिपूर्ण तथा पुराने आदेश की अवहेलना बताते हुए निजी स्कूल एसोसिशन ने आपत्ति की है। संचालक लोक शिक्षण को ज्ञापन सौंपकर इस पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं करने की मांग की गई है। निजी स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता तथा सचिव मोती जैन अपनी आपत्ति में तर्क दिया है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा नर्सरी शालाओं के रेगुलेशन से संबंधी कोई नियम शर्ते एवं पाठ्यक्रम निर्धारित नहीं कर पाया है इसलिए इस आदेश का कोई आधार नहीं होगा। शिक्षा के अधिकार कानून नर्सरी स्तर की कक्षाओं पर अनिवार्य नहीं है। आदेश का पालन करते हुए अगर प्री-प्राइमरी शालों को यू डाइस नंबर दिया जाता है ।

# खेल-खेल में बच्ची निगल गई खुला सेफ्टी पिन, ऑपरेशन के बाद बाहर निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खेल-खेल में आठ साल की बच्ची सेफ्टी पिन निगल गई। खुला सेफ्टी पिन महीने भर बाद धीरे-धीरे उसकी आंत में जा फंसा और वह दर्द से कराहने लगी। जशपुर की इस बच्ची को प्राथमिक उपचार के बाद इलाज के लिए डीके अस्पताल लाया गया जहां डाक्टरों ने सर्जरी कर पिन बाहर निकाला।

परिजनों ने चिकित्सकों को बताया था कि असावधानी वश बच्ची सेफ्टीपिन गटक गई थी। बताया जाता है कि जशपुर जिले के फरसाबहार में रहने वाली संध्या के माता-पिता को सेफ्टी पिन निगलने की जानकारी तब लगी जब बच्ची पेट में दर्द की शिकायत करने लगी और रो-रोकर उसका बुरा हाल होने लगा था। परिवार वाले उसे लेकर स्थानीय अस्पताल पहुंचे तो जांच में पता चला कि खुला हुआ सेफ्टीपिन बच्ची की आंत में जाकर फंस गया जिसकी वजह से वह पीड़ा से कराह रही है। चिकित्सकों ने उसे इलाज के लिए किसी बड़े अस्पताल ले जाने की सलाह दी थी। जनप्रतिनिधियों की मदद से संध्या को डीके अस्पताल लाया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शिप्रा शर्मा के निर्देश पर पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के विशेषज्ञ डॉ. जीवन पटेल तथा एनीस्थिसिया विशेषज्ञ डॉ.लोकेश नेटी ने ऑपरेशन के माध्यम से सेफ्टी पिन को बाहर निकाला। थोड़ी दिन चिकित्सकों की निगरानी में रखने के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

## आंत में जा फंसा था, बेहद दर्द से थी पीड़ित

अलग खबर

### सप्ताहभर रखा भूखा

चिकित्सकों ने बताया कि सेफ्टी पिन अंतड़ियों में जा फंसा था। खाद्य पदार्थ का सेवन करने से वह मलद्वार को नुकसान पहुंचा सकता था। बच्ची को सप्ताहभर तक भूखा रखकर ऑपरेशन किया गया। जांच के दौरान उसे स्टोन की समस्या का पता चला था जिसकी भी सर्जरी कर उसे राहत दी गई।




### सावधानी जरूरी

उपअधीक्षक डा. हेमंत शर्मा ने बताया कि डीकेएस एकमात्र शासकीय अस्पताल के जहां बच्चों की एंडोस्कोपी की सुविधा है। सेफ्टीपिन की तरह के पूर्व में भी बच्चों द्वारा खेल-खेल में निगले गए सिक्के, स्क्रू बटन, बैटरी व ऑलपिन सर्जरी के माध्यम से बाहर निकाला गया है। छोटे बच्चों को विशेष निगरानी में रखना आवश्यक है।

## अप्रैल के पहले सप्ताह में राज्य के वनों में साढ़े तीन हजार से ज्यादा आगजनी की घटना

# शहर से लेकर जंगल तक आग से हाहाकार राज्य के आठ हजार वनक्षेत्र सुलग रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य में तापमान 40 डिग्री पर पहुंचने के साथ ही शहर से लेकर जंगल में आगजनी की घटनाएं बढ़ गई हैं। आग पर काबू पाने वन विभाग के दावों के मुताबिक पर्याप्त संख्या में फायर ब्लोवर के साथ ही हर वनक्षेत्र में फायर वाचर हैं। बावजूद इसके स्थिति बेकाबू होते जा रही है। राज्य के वनक्षेत्रों में एक सप्ताह के भीतर ही साढ़े तीन हजार से ज्यादा आगजनी की घटनाएं हो चुकी है। वनक्षेत्रों में जनवरी से लेकर छह अप्रैल की स्थिति में सात हजार 800 आगजनी की घटनाएं घटित हो चुकी हैं।

वन विभाग के प्राप्त डेटा के मुताबिक राज्य के सभी 36 वनमंडल के वनों में आगजनी की घटनाएं घटित हो रही है। इस बार रायपुर वनमंडल के वनक्षेत्र में भी आगजनी की घटना सामने आई है। रायपुर वनमंडल के सौ से ज्यादा स्थानों में आगजनी की घटनाएं सामने आई हैं।

### 40 प्रतिशत से ज्यादा आगजनी अप्रैल में

राज्य के वनों में जनवरी माह से लेकर अप्रैल के बीच आठ हजार आगजनी की घटनाएं हुई है। इनमें से साढ़े तीन हजार से ज्यादा आगजनी की घटनाएं अप्रैल माह के पहले सप्ताह में हुई है। इस लिहाज से वनों में जो आगजनी की घटित हुई है, उनमें से 43 प्रतिशत आगजनी की घटनाएं अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में घटित हुई है।



### आने वाले समय में स्थिति और भयावह होगी

अप्रैल में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस होने पर जंगल में 43 फीसदी आग लगने की घटनाएं बढ़ गई है, ऐसी स्थिति में मई तथा जून के दूसरे सप्ताह में राज्य का तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाएगा। ऐसी स्थिति में जंगल में आग लगने की घटनाएं और बढ़ जाएंगी। जंगल में लगने वाली आग कोर एरिया तक पहुंचने लगा है, ऐसी स्थिति में वन्यजीवों के नुकसान होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। आग से बचने वन्यजीवों के जंगल से निकलने पर शिकार का खतरा बढ़ जाएगा।

### एक दर्जन से ज्यादा वनमंडल जहां सौ से ज्यादा आगजनी

राज्य के एक दर्जन वनमंडल के वनक्षेत्र ऐसे हैं जहां सौ से ज्यादा आगजनी की घटनाएं घटित हुई है। इनमें से कई वनक्षेत्र ऐसे हैं जहां रिपिट आगजनी की घटनाएं घटित हुई है। वन विभाग के अफसरों ने जहां रिपिट में आगजनी की घटनाएं घटित हो रही है, उन क्षेत्रों को संवेदनशील मानते हुए वहां विशेष निगरानी के निर्देश दिए हैं। साथ ही वनअफसरों के अलावा फील्ड वर्करों का डे एंड नाइट गश्त लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

### बस्तर रिजन में आगजनी कम होने का नाम नहीं

राज्य के वनक्षेत्रों में सबसे ज्यादा आगजनी की घटना बस्तर के जंगलों में घटित हो रही है। बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर, बस्तर, पश्चिम भानुप्रतापुर में सबसे ज्यादा आगजनी की घटनाएं घटित हुई है। बीजापुर में एक हजार से ज्यादा इसी तरह से सुकमा में पौने सात सौ स्थानों में आगजनी की घटनाएं घटित हुई है। इंद्रावती टाइगर रिजर्व में बीजापुर से ज्यादा साढ़े 11 सौ स्थानों में आगजनी की घटनाएं घटित हुई हैं।

# शीतला मंदिर प्रांगण में भागवत कथा कल से

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

नगर के श्री शीतला मंदिर प्रांगण में आगामी चैत्र नवरात्रि के पावन दिनों में श्रीमद देवी भागवत कथा 9 अप्रैल से प्रारंभ होने जा रहा है, जिसमें व्यास पीठ पर प्रवचनकर्ता के रुप में पंडित कालेश्वर प्रसाद तिवारी महराज भागवत आश्रम दुर्ग विराजमान होंगे। वहीं परायणकर्ता के रुप में पंडित भोला प्रसाद पांडेय श्रीराम जानकी मंदिर छुरा अपनी सेवा देंगे। 9 अप्रैल को प्रथम दिवस जल कलश यात्रा दोपहर बाद 4 बजे से होगी। साथ ही देवी पूजन, देव पूजन व श्रीकृष्ण मणी कलंक कथा होगी। अप्रैल 10 द्वितीय दिवस सुघुराज का पुरुषत्व प्राप्ति एवं श्री सुकदेव जन्म कथा होगी। 11 अप्रैल तृतीय दिवस जनक राजा का उपदेश, श्री सुकदेव जी को हराग्रीव अवतार, मधुकैटप वध एवं व्यास जन्म की कथा होगी। 12 अप्रैल चतुर्थ दिवस कौरव पांडव जन्म, परीक्षित मोक्ष, जन्मेजय को माता की महिमा सुनाना एवं सृष्टि की उत्पत्ति की कथा होगी। 13 अप्रैल शनिवार पंचम दिवस माता का प्राकट्य, सती चरित्र, पार्वती तपस्या एवं शिव पार्वती विवाह की कथा होगी। 14 अप्रैल रविवार छठे दिवस महिषासुर वध, शुम्भ निशुंभ रक्तबीज की कथा, कौशकी कालिका प्राकट्य कथा होगी। 15 अप्रैल सप्तम दिवस दिवस कला कालांश वर्णन, राधाकृष्ण प्राकट्य कथा होगी। 16 अप्रैल मंगलवार अंतिम दिवस तुलसी फूल वर्षा,



देवी सहस्त्रनाम, चढ़ौत्री एवं भंडारा प्रसादी वितरण होगा। उक्त आयोजन ग्राम समिति छुरा के तत्वाधान में किया जा रहा है जिसकी तैयारी में सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तन मन धन से लगे हैं। जिनमें प्रमुख रुप से ओंकार शाह अध्यक्ष, यशपेंन्द्र शाह, बजरंग पांडे ललित मेहता, मितेश दीक्षित, सेवन प्रसाद पांडे, रंजन ध्रुव, कुमार सिंह, संतराम निर्मलकर, बिसाहू राम, होमन सोनी, बाजारू राम, गणेशूराम साहू, महिला मंडल,एवं शीतला समिति के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी है।

# नकली सोना गिरवी रखकर ठगी दो अंतर्राज्यीय जालसाज गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एंटी क्राइम एंड सायबर यूनिट की टीम ने नकली सोने का ब्रेसलेट गिरवी रखकर ठगी करने वाले मुंबई के दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए जालसाजों ने राजधानी के पुरानी बस्ती, आरंग तथा विधानसभा थाना क्षेत्र में तीन सराफा कारोबारियों से लाखों की ठगी को घटना अंजाम दिया है। पूछताछ में जासाजों ने पुलिस को बताया है कि वो देश के अलग-अलग शहरों में घूम-घूमकर ठगी की घटना को अंजाम देते हैं।

मामले का खुलासा करते हुए एएसपी क्राइम संदीप मित्तल, डीएसपी क्राइम संजय सिंह ने बताया कि ठगी के आरोप में मुंबई, थाणे निवासी साहेब बनर्जी, अक्षय सोनी को गिरफ्तार किया है। इन दोनों जालसाजों ने पिछले महीने विधानसभा थाना क्षेत्र के दोंदे में सराफा कारोबारी महेश कुमार थवाईत के साथ ठगी की घटना को अंजाम दिया था। कारोबारी को जालसाजों ने जमीन खरीदने पैसों की जरूरत होने का झांसा देते हुए पौने सात तोला नकली सोने का ब्रेसलेट गिरवी रखकर ठगी की घटना को अंजाम दिया था। इसी पैटर्न पर जालसाजों ने आरंग तथा पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के सराफा कारोबारी के साथ ठगी की घटना को अंजाम दिया था।



### खास बातें

- राजधानी के तीन अलग-अलग थाना क्षेत्र के ज्वेलरी शॉप में की है ठगी
- पकड़े गए जालसाज देश में घूम घूमकर करते थे ठगी
- ठगी करने जालसाज फ्लाइट से आते थे



### ठगी करने जासलाज फ्लाइट से आते थे

पुलिस के अनुसार जालसाज ठगी की घटना को अंजाम देने रायपुर के साथ देश के अलग-अलग शहरों में फ्लाइट से आवाजाही करते थे। पुलिस को इस बात की जानकारी जालसाजों के आने-जाने के सीसीटीवी फूटेज के माध्यम से मिली। इसी दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि अक्षय तथा साहेब ठगी की घटना को अंजाम देने एक बार फिर रायपुर आए हैं, तब पुलिस ने दोनों बदमाशों को एयरपोर्ट के रास्ते गिरफ्तार किया।

### विश्वास हासिल करने आधार कार्ड देते थे

जालसाज कारोबारी को विश्वास में लेने के लिए बाकायदा फर्जी नाम से बनाए आधार कार्ड भी देते थे, आधार कार्ड में चेहरा जालसाजों का रहता था, लेकिन नाम किसी अन्य का रहता था। पुलिस के अनुसार जालसाज जानबूझकर ज्यादा वजन के सोने के नकली जेवर महज डेढ़ दो लाख में गिरवी रखते थे, जिससे कारोबारी लालच में आकर जेवर गिरवी रखने को मजबूर हो जाए।

### नकली जेवर में भी हालमार्क

जालसाज नकली जेवर को असली साबित करने बेंटेक्स की ज्वेलरी की ऊपरी सतह पर सोने की पतली परत चढ़ा कर उसमें हालमार्क लगा देते थे। जेवर में हालमार्क देखने के बाद कारोबारी जेवर की बारीकी से पड़ताल नहीं करते थे और आसानी से जेवर गिरवी रख ठगी का शिकार हो जाते थे।

# बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों के हित में सुप्रीम कोर्ट में पक्ष रखेगी छग सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने टीचर्स एसोसिएशन व बीएड सहायक शिक्षकों को भरोसा दिलाया की शिक्षा विभाग के सभी रिक्त पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया होगी। शीघ्र शुरू बीईओ के पद पूर्ति नियम में संशोधन की गुंजाइश पदोन्नति संशोधन पीड़ित शिक्षकों के लंबित वेतन का भुगतान होगा। सीधी भर्ती और पदोन्नति के 50-50 प्रतिशत के रेशियों का होगा पालन। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा से चर्चा में शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षको के हित में सुप्रीम कोर्ट में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पक्ष रखा जाएगा। शिक्षको की सेवा सुरक्षा करेंगे।शिक्षा विभाग के सभी रिक्त पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी। बीईओ के पद पूर्ति नियम में हो संशोधन की गुंजाइश है, इसकर परीक्षण किया जाएगा। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान, प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी,प्रांतीय महासचिव आयुष पिल्ले, प्रांतीय प्रचार सचिव गंगेस्वर सिंह उइके,सुखनंदन साहू, प्रदेश संयुक्त मंत्री पूरनलाल साहू, प्रदेश मंत्री जितेंद्र मिश्रा, प्रभवित बीएड प्रशिक्षित शिक्षकों के प्रतिनिधि धनेश कुमार राठौर, हरिशंकर देवांगन, मयंक शर्मा, निशांत, यश वर्मा, थानेश्वर, संकल्प शर्मा, आदित्य शर्मा, सौरभ साहू, संजय यादव, दिनेश निर्मलकर, कृष्णा यादव शामिल थे।



# कलेक्टर ने किया प्रशिक्षण वीडियो क्लिप सांग का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा. गौरव सिंह ने शनिवार को एनआईटी में आयोजित पीठासीन अधिकारी के प्रशिक्षण सत्र में वीडियो और विभिन्न प्रक्रियाओं पर आधारित प्रशिक्षण सांग का विमोचन किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि लोकसभा चुनाव का कार्य कुशलता पूर्वक कराया जा सके, इसलिए जिला प्रशासन ने विशेष वीडियो तैयार किया है, जिसे देखकर मतदान प्रक्रिया की बारिकियों को समझ सके। इसके साथ ही विशेष रूप से मतदान पप्रत्र बनाया है, जिसमें मतदान की प्रक्रिया को सरलीकरण ढंग से समझाया गया है। कलेक्टर ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान हर



बारीकियों को अच्छे ढंग से समझें। अगर किसी भी तरह की शंका हो तो समाधान करें, ताकि मतदान के दौरान कोई परेशानी न हो। साथ ही मतदान प्रक्रिया का कविता के माध्यम से समझाने ऑडियो क्लिप का निर्माण किया गया है। गौरतलब है कि जिला प्रशासन ने निर्वाचन आयोग के मानकों पर आधारित मतदान की विभिन्न प्रक्रियाओं की छोटे-छोटे वीडियो क्लिप बनवाए है, जिसे राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर के प्रायोगिक तौर विभिन्न प्रक्रियाओं को समझाया गया है।

# सुरक्षा मानकों के साथ संचालित होती है ईवीएम, विश्वसनीयता पर संदेह निराधार

**रायपुर।** अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने कहा, निर्वाचन की पूरी प्रणाली में मीडिया सेतु के रूप में सशक्त भूमिका निभाती है। उसकी सक्रियता से न केवल मतदाताओं में निर्वाचन के प्रति जागरूकता बढ़ती है, बल्कि वो निर्वाचन तंत्र को भी सजग और अधिक निष्पक्ष बनाए रखती है। उन्होंने मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों के लिए रायपुर के नवीन विश्राम भवन में निर्वाचन संबंधी एक दिवसीय उन्मुखीकरण तथा कार्यशाला में अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री क्षीरसागर ने कहा, आज इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) को लेकर कोई संदेह नहीं रह गया है। इस पर उठने वाली शंकाएं निराधार ही साबित हुई हैं। उन्होंने बताया कि इसके संचालन के लिए निश्चित प्रोटोकॉल का पालन किया जाता है जो पूर्ण रूप से पारदर्शी प्रक्रिया के तहत होता है। पत्रकार निर्वाचन के दौरान अन्य विभागों के साथ ही अति आवश्यक सेवा में होते हैं। ऐसे में उनके मतदाता के तौर पर कर्तव्य पूरा करने में डाक मतपत्र की सुविधा भारत निर्वाचन आयोग की बड़ी पहल है।



### इलेक्शन मशीनरी के सहयोग में उपयोगी-श्रीवास्तव

जनसंपर्क विभाग के आयुक्त मयंक श्रीवास्तव ने उम्मीद जताई कि कार्यशाला में दी गई जानकारी पत्रकारों को निर्वाचन संबंधी जानकारियों को प्रसारित व प्रचारित करने और इलेक्शन मशीनरी का सहयोग करने में उपयोगी होगी। इलेक्शन मशीनरी और इसमें लगे अधिकारियों-कर्मचारियों की विशेषज्ञता और निष्पक्षता संदेह से परे है। सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शारदा अग्रवाल ने पेड न्यूज, मीडिया मॉनिटरिंग सेल तथा मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) के कार्यों के बारे में बताया।




# आदर्श मतदान केंद्र विषय पर रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता

**नवापारा-राजिम।** स्वीप योजना के अंतर्गत हरिहर उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रंगोली-पोस्टर प्रतियोगिता, रैली कार्यक्रम आयोजित किया गया। कक्षा 10 की छात्रा जुही सोना तथा श्रुति कंसारी ने आदर्श मतदान केंद्र विषय पर पोस्टर बनाया। सृष्टि साहू, प्राची साहू, डिम्पल ठाकुर ने स्वीप लोगों पर रंगोली बनाई। छात्रो द्वारा मतदान जागरूकता विषयक नारे लगाकर रैली निकाली। कार्यक्रम में प्राचार्य संध्या शर्मा एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**



## माता कर्मा जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत बेलसोंडा में साहू समाज द्वारा आयोजित माता कर्मा की जयंती कार्यक्रम में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। विधायक सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि ग्राम बेलसोंडा में साहू समाज के चहुमुंखी विकास में निश्चित रुप से माता कर्मा का आशीर्वाद है। माता कर्मा के त्याग एवं तपस्या तथा उनके बताए रास्ते अनुकरण ग्राम बेलसोंडा के साहू समाज के लोग कर रहे है। जिसके कारण आज साहू समाज दिन दूना रात चौगुना विकास कर रहे है। साहू समाज के भवन के लिए सरपंच भामिनी पोखन चन्द्राकर द्वारा दिए गए जगह के लिए विधायक ने सरपंच श्रीमती चन्द्राकर की तारीफ करते हुए भविष्य में भी हर प्रकार से साहू समाज की सहायता एवं सेवा करने के लिए सरपंच को बताया। इस अवसर पर विधायक के साथ संदीप दीवान, सतपाल पाली, नंद कुमार साहू अध्यक्ष बिरकोनी परिक्षेत्र, विष्णु साहू सचिव, यशवंत साहू, गोविंद साहू, सरपंच भामिनी पोखन चन्द्राकर, सक्रिय पंच प्रकाश साहू, सरस्वती साहू, हेमा साहू, त्रिवेणी चन्द्राकर, सावित्री चन्द्राकर, कल्याणी साहू, हेमबाई साहू तथा साहू समाज के रामसहाय साहू, अध्यक्ष हनुमान साहू, उदेराम साहू, शत्रुघ्न साहू, भारत साहू, देवचंद साहू, दिग्विजय साहू, प्रीतम साहू, हीरालाल साहू, दुर्गेश साहू , हरीश साहू तथा अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि भामिनी पोखन चन्द्राकर ने साहू समाज को माता कर्मा जयंती की बधाई देते हुए बताया कि भक्त शिरोमणि माता कर्मा की पुण्य प्रताप से ही आज साहू समाज अपनी कड़ी मेहनत के फलस्वरूप उन्नति की चरम सीमा पर है तथा साहू समाज के विशेष सहयोग एवं आशीर्वाद के बलबूते वह आज सरपंच पद पर बनी हुई है। सरपंच श्रीमती चन्द्राकर ने बताया कि यह परम सौभाग्य की बात है जिस माता कर्मा ने स्वयं अपने हाथ से भगवान को खिचड़ी खिलाई है उनकी जयंती में सम्मिलित होने का सुअवसर प्राप्त हुआ। सरपंच श्रीमती चन्द्राकर ने विधायक के निर्देशानुसार साहू समाज को हर संभव सहायता करने की बात कही।

## राम पाठ कार्यक्रम में शरीक हुए तुषार

**महासमुंद।** कोसरंगी में आयोजित राम पाठ कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने भगवान राम और माता जानकी की पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि प्रभु राम का आशीर्वाद उनके ननिहाल की धरती को मिले, मेरी यही प्रार्थना है। प्रभु राम के आशीर्वाद से क्षेत्र में समृद्ध और खुशहाल हो। तुषार ने कहा कि रामायण रूपी दर्पण से कुछ गुणों कुछ खास बातों का ध्यान में रखकर मर्यादा एवं अनुशासन वाला जीवन जीना चाहिए। इससे बुराई पर अच्छाई की जीत होती है। रामायण एक राजपरिवार और राजवंश की जीवनी है।

# नगर के शीतला, गायत्री व दुर्गा मंदिर में होगी ज्योत जवांरा प्रज्वलित

### 9 दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की होगी पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद







चैत्र नवरात्रि 09 अप्रैल से शुरू होगी। नवरात्रि महापर्व को मानने शहर में तैयारी जोरशोर से चल रही है। नवरात्रि में नगर के प्रमुख शीतला मंदिर एवं गायत्री मंदिर दुर्गा मंदिर सहित अन्य देवी मंदिर में ज्योत जवांरा प्रज्वलित किया जाएगा। नवरात्रि पर्व को धूमधाम और उत्साह से मनाने माता के भक्त तैयारी में लगे हुए हैं। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि के पहले दिन सर्वार्थ सिद्धि और अमृत योग रहेगा। वैदिक ज्योतिष में इन योगों में पूजा बहुत ही शुभ फलदायी होती है। हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि का विशेष महत्व होता है। एक वर्ष में कुल चार नवरात्रि आती है, पहला चैत्र नवरात्रि, दूसरा शारदीय नवरात्रि और दो गुप्त नवरात्रि। हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्रि आरंभ हो जाती है। चैत्र नवरात्रि के शुभारंभ होने के साथ ही नया हिंदू वर्ष भी आरंभ होता है। चैत्र नवरात्रि पर लगातार 9 दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना और मंत्रोचार किया जाएगा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि पर देवी दुर्गा पृथ्वी लोक आती है और अपने सभी भक्तों की हर एक मनोकामना को पूर्ण करती हैं।

हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि के त्योहार को बहुत अधिक महत्व दिया जाता है। वैदिक पंचांग के अनुसार, चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि इस वर्ष 08 अप्रैल को रात 11 बजकर 50 मिनट से शुरू हो जाएगी जो अगले दिन यानी 09 अप्रैल को रात को 08 बजकर 30 मिनट पर खत्म होगी। ऐसे में उदया तिथि के आधार पर चैत्र नवरात्रि 09 अप्रैल से शुरू हो जाएगी। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि के पहले दिन सर्वार्थ सिद्धि और अमृत योग रहेगा। वैदिक ज्योतिष में इन योगों में पूजा बहुत ही शुभ फलदायी होती है।

### स्थापना दिवस : भाजपा राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ बढ़ने वाली पार्टी

# लोकसभा चुनाव में जीत का लिया गया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद






शनिवार को भाजपा द्वारा जिला मुख्यालय गरियाबंद सहित जिले के विभिन्न मंडलों और बुथ केंद्रो में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भाजपाईयो ने पार्टी की नीवं रखने वाले डॉक्टर श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय सहित अन्य महापुरूषो के त्याग तपस्या और बलिदान तथा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी तथा लालकृष्ण आडवानी के संघर्षो को याद किया गया। मौके पर सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने चुनावी रणनीति बनाने के साथ ही लोकसभा चुनाव में भाजपा के जीत का संकल्प भी लिया गया। इधर, गरियाबंद में पार्टी की स्थापना दिवस के अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ता एकजुट हुए। पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीन दयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर मल्यापर्ण कर उन्हे नमन किया। जिसके बाद चुनावी तैयारी को लेकर पार्टी की बैठक भी हुई। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राजेश साहू ने भाजपा के स्थापना से लेकर अब तक संघर्ष पर प्रकाश डाला। कहा कि लाखों कार्यकर्ताओं की मेहनत और बलिदान के बाद पार्टी इस मुकाम तक पहुंची है। दस साल में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की ऐतिहासिक तरक्की की। देश तेजी से विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने लोकसभा चुनाव में जीत का मूलमंत्र दिया। इसके पहले पूर्व जिला महामंत्री मुरलीधर सिन्हा ने कहा कि भाजपा राष्ट्रवादी विचार के साथ आगे बढ़ाने वाली पार्टी है। पार्टी ने कभी नैतिक मूल्यों से समझौता नहीं किया। वहीं बैठक में जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर ने आगामी कार्यक्रमो की जानकारी देते हुए सफल बनाने का आव्हान किया। कार्यक्रम का आभार मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सोनतेके ने व्यक्त किया। संचालन धनंजय नेताम ने किया। प्रमुख रूप से जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, पूर्व महामंत्री रिखी राम यादव, घनश्याम सिन्हा, आशीष शर्मा, सागर मयाणी, मिलेश्वरी साहू, राधेश्याम सोनवानी, रेणुका साहू, बिंदु सिन्हा, पारस ठाकुर, किशोर यदु, वंश गोपाल सिन्हा, परस देवांगन, सुमित पारख, सुनीता झरिया, कुलदीप खरे, फारुख चौधरी, सलीम खान, बरातू राम, सालिक निषाद, प्रतीक तिवारी, विनोद नेताम, पप्पू ठाकुर, नूतन देवांगन, सरिता साहू, सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# छुईहा एवं चरौदा में मना भाजपा का स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस का जश्न जोर-शोर से छूईहा एवं चरौदा में 6 अप्रैल को मनाये गये। 6 अप्रैल को बीजेपी अपना 45वां स्थापना दिवस

श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेई की तस्वीर की पूजा अर्चना किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि लोकसभा में विशेष शक्ति केन्द्र प्रभारी भागवत हरित, अध्यक्षता भाजपा नेता गजेश्वर सिन्हा, शक्ति केन्द्र अध्यक्ष रमेश सिन्हा थे । इस मौके पर पार्टी फिर एक बार, मोदी सरकार' के नारे के साथ नारे लगाए गए। भाजपा नेता भागवत हरित छुईहा में कहा भाजपा संगठन के संदर्भ में कार्यकर्ता को अजादी के पुर्व,बाद, वर्तमान परिस्थितियों की इतिहास को रखा। नये कार्यकर्ता ने बड़े उत्साहित थे।

हरित ने कार्यकर्ताओं को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के मुताबिक, भाजपा ने इस बार अकेले 370 और एनडीए गठबंधन के साथ 400 पार जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए भाजपा पार्टी प्रत्येक बूथ पर पिछले चुनाव के मुकाबले 370 वोट ज्यादा बढ़ाने का लक्ष्य रखा है।यही वजह है कि पार्टी ने अपने स्थापना दिवस के अवसर पर 6 अप्रैल को छुईहा बुथ स्तर से घर तक जाकर मतदाताओं के साथ-साथ पार्टी कार्यकर्ताओं उर्जा वान बने। छुईहा सक्ति केन्द्र भाजपा वरिष्ठ भाजपा नेता भागवत हरित महासमुंद लोकसभा चुनाव राजिम विधान सभा के संयोजक, सरपंच छुईहा गजेश्वर सिन्हा सक्ति केन्द्र संयोजक छुईहा, बुथ अध्यक्ष मोतीराम तारक, रामनारायण, रामलाल ध्रुव, मानिक, जितेन्द्र सिन्हा, राजेन्द्र यादव, छबीराम यादव, जोहत सिन्हा, पूर्व सरपंच विद्या सिन्हा, चरौदा बुथ अध्यक्ष अभयराम सिन्हा, इतवारी सिन्हा, भागवत सिन्हा, रेवाराम निर्मलकर, हेमनारायण गंधर्व, अनूप साहू, बलदाऊ साहू, लीलाराम साहू, हीरेन्द्र साहू उपस्थित थे।

# पूर्व मंत्री के गृह ग्राम में मना भाजपा का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



मानिकचौरी में पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू की मौजूदगी में भाजपा का 45वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि त्याग, सेवा, समर्पण और सुशासन का प्रतीक भारतीय जनता पार्टी की स्थापना से लेकर 45 वर्षों का सफर काफी संघर्षपूर्ण रहा है। इस दौरान पार्टी ने 2 लोकसभा सीटों से 303 सीटों का लक्ष्य हासिल किया और अबकी बार 400 पार का साहसिक लक्ष्य रखा है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चमत्कारिक व्यक्तित्व और नेतृत्व क्षमता के साथ-साथ करोड़ों निष्ठावान कार्यकर्ताओं के बल पर निश्चित ही हासिल किया जाएगा। श्री साहू ने कहा कि भाजपा का गठन भारत के पुरातन वैभव को वापिस प्राप्त करने के लिए किया गया था और हमें खुशी है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी और भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी जैसे महामनाओं के आदर्श व सिद्धांतों पर चलकर भारत को सशक्त, आत्मनिर्भर, सक्षम व समृद्ध बनाने वाले नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने हम सभी को पूरी ईमानदारी से कार्य करना होगा। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ,प्रवीण बजाज, शांतनु सिन्हा, चेतना गुप्ता, दलजीत चावला, पूजा बघेल, बुद्धेश्वर साहू, मधुसूदन धृतलहरे, देवकी साहू, नोहर साहू, सतनाम डहरिया, मदन गिलहरे, किशन सिन्हा, नरेन्द्र निर्मलकर, जितुन साहू, घनश्याम निर्मलकर, गजेन्द्र साहू, चुम्मन साहू, तुलसी ढीढी, पूजा बघेल, चेतना गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भाजपा 400 की तरफ बढ़ रही : रूपसिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



देवगांव में मनाया गया भाजपा का 45वां स्थापना दिवस

भारतीय जनता पार्टी फिंगेश्वर मंडल के अंतर्गत सेंदर शक्ति के आश्रित ग्राम देवगांव में शनिवार को 45 वां स्थापना दिवस मनाया गया। जिम्मेदारी मिली बीजेपी नेता ने एक दिन पूर्व कार्यक्रम स्थल एंव कार्यकर्ता से मिलकर तैयारी के लिए जोश भरे थे। जिसके कारण उपस्थिति अच्छी रही। कार्यक्रम के प्रभारी पुर्व मंडल अध्यक्ष पुनम यादव, मंडल अध्यक्ष प्यारे लाल सोनकर, वरिष्ठ भाजपा नेता रामु राम साहू, युवा भाजपा नेता रूपसिंह साहू ने केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की विष्णुदेव साय

भाजपा सरकार की उपलब्धियां जनता को गिनायें। भाजपा संगठन के इन 45 सालों में भाजपा 2 से 400 की तरफ बढ़ रही है। तब किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि एक दिन भाजपा को देश की जनता का प्रचंड बहुमत मिलेगा, लेकिन नरेंद्र मोदी नाम ने ये सब कर दिखाया। बीजेपी न केवल देश मे स्पष्ट बहुत वाली सरकार बनी बल्कि देश व विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में निकल कर सामने आई है। भाजपा नेता प्रभारी पुर्व मंडल अध्यक्ष पुनम यादव, मंडल अध्यक्ष प्यारे लाल सोनकर, वरिष्ठ भाजपा नेता रामु राम साहू, युवा भाजपा नेता रूपसिंह साहू ने कहा जनसंघ का दूसरा रूप भारतीय जनता पार्टी 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई। देश भर में कांग्रेस के माहौल के बीच जनसंघ से निकली भारतीय जनता पार्टी का सफर आसान नहीं था। नए रूप भाजपा का 1984 तक पीछा करता रहा,जब पार्टी को महज दो सीटें मिली थी। दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों से आगे बढ़ी पार्टी ने आज वो मुकाम हासिल कर ली है जो कि अपने आप में एक अलग इतिहास बनाती है। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष प्यारे लाल सोनकर, वरिष्ठ भाजपा नेता रामु राम साहु, पूर्व मंडल अध्यक्ष पुनम यादव, युवा भाजपा नेता रूपसिंह साहू, भाजपा उपाध्यक्ष बुथ संगीता साहू मन्नु साहू, अशोक साहू, पूर्व सरपंच मोती राम निषाद, सासंद प्रतिनिधि लिखन निषाद, आशा राम साहु, चंदूलाल साहू सरपंच चरभट्ठी ओमप्रकाश साहू, प्रेमलाल रोडर, कमलेश साहू, धनी राम सेन उपस्थित थे।

# रैली निकालकर मतदाताओं को किया गया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम कुडेरादादर में ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियो एवं मितानिन के द्वारा गांवों के समस्त चौंक - चौराहों में मतदाता जागरुकता रैली निकालकर समस्त नागरिकों से लोकतंत्र के महापर्व पर शत प्रतिशत मतदान करने अपील किया गया और उन्होंने मतदाताओं से लोकसभा निर्वाचन में अपना मताधिकार का योगदान देने आहवान किया गया। पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं मितानिनो ने रैली के माध्यम से मतदाताओं से अपील करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव 26 अप्रैल को शांतिपूर्ण माहौल में अपने मताधिकार का प्रयोग करने को लेकर जागरूक किया। मतदाता जागरूकता रैली के दौरान वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, बूढ़े हो या जवान सभी करें मतदान, आपका मतदान ही लोकतंत्र की जान है। मेरा वोट देश के नाम की भावना से निर्वाचन में मिलें मताधिकार का उपयोग कर देश निर्माण, विकास के दायित्व को पूर्ण करे।इस दौरान सरपंच कामनी ध्रुव, उप-सरपंच खिलन अग्रवाल, सचिव दामोदर सोरी, मितानिन रमशिला, रोजगार सहायक आशा साहू, ग्राम प्रमुख तिलक राम, नारायण ठाकुर, झवर अग्रवाल, देवेन्द्र अग्रवाल, ईश्वरी नायक, तुषार सहित ग्रामीण शामिल थे।

# विधायक साहू जनता की समस्याओं से अवगत होकर कर रहे समाधान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी काफी संजीदा होकर जनसंपर्क कर रही है। राजिम विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक रोहित साहू लगातार गांव -गांव घूमकर जनमानस के बीच उपस्थिति प्रदान कर रहे हैं और शासन की योजनाओं का बखान कर लोकसभा चुनाव में पुनः भाजपा सरकार बनाने और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आग्रह जन जन से कर रहे हैं।

जनसंपर्क के दौरान विधायक रोहित साहू जनता की समस्याओं से व अवगत होकर समाधान भी कर रहे हैं।जनसंपर्क की कड़ी में फिंगेश्वर ब्लॉक के ग्राम पतोरा पहुंचे। दौरान विधायक रोहित साहू को अपने बीच पाकर ग्रामीणों ने फूल मालाओं से अभिनंदन किया। अपने संबोधन में विधायक रोहित साहू ने कहा कि आजादी के 70 साल भी मूलभूत अवश्यकताओं की पूर्ति नहीं हो रही थी। महतारी वंदन, दो साल का बोनस, तेंदुपत्ता संग्राहक परिवारों को मानक बोरा की कीमतों में वृद्धि सहित अनेक योजनाओं से भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ की जनता का विकास और अमूलचूल परिवर्तन कर रही है। चंद्रशेखर साहू ने कहा कि आप सबकी समस्याओं को यथासंभव निराकरण करने सक्रियता से भाजपा सरकार कार्य कर रही है। इस दौरान फिंगेश्वर ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष शेखर गिलहरे को विधायक रोहित साहू ने भाजपा का गमछा पहनाकर भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश कराया। इस अवसर पर सरपंच अमरीका साहू, पूर्व सरपंच उदय साहू, भाजपा नेता रामुराम साहू, प्रेमलाल टोडर, आनंद राम साहू, उत्तम कंवर, नेमु कंवर, मौलीचरण कंवर, ह्दय कंवर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

# मोदी सरकार की गारंटी को घर-घर पहुंचने की अपील



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

राजिम विधानसभा के विधायक रोहित साहू ने क्षेत्र के विभिन्न गांव में जनसंपर्क कर मोदी की गारंटी के संबंध में जानकारी दी एवं कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। उन्होंने ग्राम डागनबाय, हरदी एवं नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 5 और 6 में बैठक कर कार्यकर्ताओं से मोदी सरकार की गारंटी को घर-घर पहुंचने की अपील की, उन्होंने कहा कि आज मोदी की गारंटी के नाम पर सभी योजनाओं का क्रियांवायन हो रहा है, चाहे राम मंदिर हो, महतारी वंदन, आवास योजना एवं धान खरीदी से प्रदेश में एक विश्वास का वातावरण बना है जो विश्व के मात्र नेता प्रधानमंत्री के बदौलत है, उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में निरंतर विकास के कार्य हो रहे हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, मधुबाला रात्रे, राजू साहू, विद्या देवी सिंहा, सन्तु धुव , भारत साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष रिंकू सचदेव, सभापति भोले शंकर जायसवाल, थान सिंह निषाद, मानसिंह निषाद, चपेश्वर गिरी गोस्वामी, दीनू कोठारी, धर्मदास थदानी, धर्मेंद्र चन्द्राकर, तुलसी साहू, गणेषु साहू, गिरवर लहरें सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### छात्रों को खीर-पूरी व बड़ा वितरण

**छुईहा बेलर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय चैतरा में 4 अप्रैल को भागीरथ आड़े, शिक्षाविद् सुघरमल आड़े, घासी राम आड़े, तेज राम ने अपने माता श्यामा बाई के स्मृति स्मरण में न्योता भोज कराया। स्कली छात्रों को खीर, पुड़ी, बड़ा, सलाद, फल परोसा गया। इस मौके पर सकुल प्रभारी पुरानिक राम ध्रुव, शिक्षक शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देवेन्द्री साहु, दिनेशवरी साहु, प्रधान पाठक जनक राम साहु, विनोद साहु, एमआर बारले, तारणी साहु, उर्वशी यादव, दशोदा मानिकपुरी, चोवा राम खुटे एवं रसोइया बहनों का विशेष योगदान रहा।

### शहीद स्मारक में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** शहीद स्मारक खरोरा में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सैन्य प्रशिक्षण ले रहे बच्चों द्वारा साफ सफाई की गई। इस अवसर पर शहीद स्मारक खरोरा के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### बेमचा में आज निकाली जाएगी कलश यात्रा

**महासमुंद।** ग्राम बेमचा में चैत्र नवरात्रि पर शतचंडी यज्ञ एवं भागवत महापुराण एवं संगीत जगराता कार्यक्रम पर कलश यात्रा निकाली जाएगी। बेमचा के खल्लारी मंदिर 9 अप्रैल से 17 अप्रैल 2024 तक शतचंडी यज्ञ एवं भागवत महापुराण एवं संगीत जगराता का कार्यक्रम होगा। इसके पूर्व 8 अप्रैल को शाम चार बजे से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी।

### महासमुंद लोस में आज जनसंपर्क करेंगे मार्कंडेय

**महासमुंद।** लाभार्थी बस्ती जनसंपर्क कार्यक्रम भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कंडेय महासमुंद लोकसभा के महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के गांवों में कार्यक्रम 8 अप्रैल सोमवार को रखा गया है। नदी मोड़ घोड़ारी सुबह 9 बजे, नांदगांव 10 बजे, महासमुंद वार्ड नं 14, कांपा 1 बजे, छिंदौली 3 बजे, बम्बूरडीह 5 बजे एवं लखनपुर 6 बजे पहुचेंगे। उपरोक्त जानकारी भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रियरंजन कोसरिया व अनुसूचित जाति मोर्चा झलप-पटेवा मंडल महामंत्री देवेंद्र राय ने दी है।

### तेंदूकोना में 9 से शिव महापुराण कथा

**तेंदूकोना।** वार्ड 2 में 9 अप्रैल से 15 अप्रैल तक सात दिवसीय भव्य संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। प्रवचनकर्ता पंडित डिगेश्वर प्रसाद तिवारी बीकेबाहरा ( खल्लारी ) व पारायणकर्ता पंडित गोपाल प्रसाद तिवारी बीके बाहरा ( खल्लारी) होंगे। कथा सप्ताह के प्रथम दिवस मंगलवार को कलश यात्रा, देव स्थापना, शिव महापुराण की महिमा, द्वितीय दिवस को शिवलिंग की महिमा, त्रिपुंड व रुद्राक्ष धारण, तृतीय दिवस नारद मोह, विष्णु को शाप देना व सती कथा, चतुर्थ दिवस सती चरित्र, पार्वती जन्म कथा, शिव विवाह उत्सव, पंचम दिवस गणेश व कार्तिकेय का जन्म कथा, एवं तारकासुर वध, षष्ठ दिवस अर्धनारीश्वर कथा एवं त्रिपुरासुर का वध के साथ सप्तम दिवस को बारह ज्योतिर्लिंग कथा, भस्म कथा, हवन पूजन, पूर्णाहुति, शोभायात्रा, महाभंडारा भोजन प्रसादी वितरण के साथ कथा सप्ताह की समापन होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने समस्त ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

## निधन

### परमेश्वर साहू

**राजिम।** बकली निवासी परमेश्वर साहू उम्र 16 वर्ष का निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या ग्रामीण शामिल हुए। वे मोतीराम साहू के पुत्र थे।



## मांग : बाईपास से सुगम होगा यातायात, मिलेगी जाम से निजात

# बढ़ते यातायात दबाव से आए दिन हो रही दुर्घटनाएं, बाईपास की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

बढ़ते यातायात दबाव से आए दिन शहर में सड़क दुर्घटना हो रही हैं। नेशनल हाईवे 130 सी सड़क मार्ग में तेज रफ़्तार वाहन शहर के बीचों बीच फर्राटे से दौड़ रही है। गरियाबंद जिला मुख्यालय में हर दिन हजारों लोग अपने सरकारी या निजी कार्य निपटाने आना जाना करते हैं। एक मात्र सड़क मार्ग होने के कारण लोगों को ना चाहते हुए भी भीड़ वाले रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है। शहर के बीच हर दिन यात्री बस प्रायवेट टैक्सी कार मॉल वाहक वाहन हाइवा ट्रक जीप ऑटो रिक्शा के अलावा अन्य हज़ारों वाहन तेज रफ़्तार से दौड़ रही हैं। लिहाजा आवागमन करने वाले लोग जान जोखिम में डालकर दहशत के साए में सड़क पर चलने को मजबूर है। सुगम यातायात के लिए शहर को एक बाइपास सड़क मार्ग की जरूरत है। जिला कार्यालय शहर में होने के कारण आए दिन नगर में धरना प्रदर्शन और रैली निकाली जाती है ऐसे स्थिति में हालात और भी बेकाबू हो जाता है, नेशनल हाईवे पर अघोषित रूप से चक्काजाम की स्थिति निर्मित हो जाता है। लोग तब तक बीच रास्ते में फंसे हुए रहते है तब तक आंदोलन करने वाले सड़क से हट नहीं जाते। आवागमन के लिए और कोई रास्ता नहीं होने के कारण प्रशासन भी बेबस हो जाता है। शहर के यातायात पर गौर करें तो यहां सिर्फ एक ही ऐसा रास्ता है जो गरियाबंद शहर से होकर देवभाग होते हुए उड़ीसा सीमा को जोड़ता है। यानि शहर के अंदर से होकर गुजरना ही पड़ेगा। सड़क में जाम लगने की स्थिति में सड़क मार्ग में पूरे दिन वाहन को शहर से बाहर खड़ा रखना होगा। इस शहर को बाइपास देने के लिए अब तक कोई प्लान तैयार नहीं किया गया है। यातायात के जानकार बताते हैं कि गरियाबंद के आसपास गांव की ओर गए रास्ते को बाइपास बना सकते हैं।





**भविष्य में यातायात का दबाव शहर के अंदर रहेगा कम**

राजधानी रायपुर की ओर से आने वाले वाहन राजिम होते गरियाबंद आते हैं फिर यहां से सीधा देवभोग होते उड़ीसा को जोड़ता है। दीगर राज्य से भी कई वाहन आते जाते हैं। इसलिए बाइपास बनाना जरूरी है। सांसद, विधायक और पुलिस-प्रशासन के अधिकारी अगर इस मसले पर चिंतन करें तो राह आसान हो सकती है और भविष्य में यातायात का दबाव शहर के अंदर कम रहेगा।

# लोकसभा चुनाव बेरौनक नहीं हो रही सभा एवं रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

पूरे देश में इस चुनाव को लेकर भारी उत्सुकता का वातावरण है। परंतु महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में वीरानी छाई हुई है। कहीं से भी नही लग रहा है कि लोकसभा का चुनाव हो रहा है। इस लोकसभा क्षेत्र में तीन जिले गरियाबंद, महासमुंद और धमतरी पड़ता है। तीनो जिले की स्थिति को यदि सामने रखे तो महासमुंद जिले में चार विधानसभा खुद महासमुंद, सरायपाली, बसना और खल्लारी। गरियाबंद जिले की बात करे तो यहां दो विधानसभा राजिम एवं बिंद्रानवागढ़। धमतरी जिले के कुरूद और धमतरी। इस तरह से आठ विधानसभा क्षेत्र इस लोकसभा में पड़ता है और चार विधानसभा में कांग्रेस विधायक जिसमें सरायपाली, धमतरी, खल्लारी और बिंद्रानवागढ़ शामिल है। जबकि चार विधानसभा राजिम, कुरूद, बसना और महासमुंद में भाजपा विधायक है। राजिम विधानसभा में फिलहाल कोई हलचल नहीं है। कहीं से भी नहीं लग रहा है कि लोकसभा का चुनाव हो रहा है। न तो इनके कहीं पोस्टर, बैनर नजर आ रहे है और न ही किसी भी प्रकार से रैली, सभा हो रहा है। मतदान के लिए अब 19 दिन का समय रह गया है। 26 अप्रैल को मतदान है। इस बार इस क्षेत्र में स्थानीय और बाहरी का मुद्दा जमकर गहराया हुआ है। स्थानीय के रूप में भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी की चर्चाएं आम है। परंतु कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू को बाहरी प्रत्याशी बताकर जमकर वायरल किया जा रहा है। राजिम विधानसभा क्षेत्र वैसे साहू बाहुल्य क्षेत्र कहलाता है। इस लिहाज से ताम्रध्वज साहू के लोग आश्वस्त है परंतु इस विधानसभा क्षेत्र में विधायक अभी भारतीय जनता पार्टी से रोहित साहू है। पूर्व सांसद के रूप में राजिम विधानसभा क्षेत्र के रहने वाले चंदूलाल साहू मौजूद है। इसलिए विधायक रोहित साहू और पूर्व सांसद चंदूलाल साहू की जिम्मेदारी इस बार कुछ ज्यादा ही मायने रख रही है।





# पटेल समाज ने बैठक में तहसील इकाई को मजबूत बनाने पहल की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

कोसरिया मरार पटेल समाज तहसील इकाई राजीम का होली मिलन समारोह ग्राम पाण्डुका में शनिवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभापति फिरंगी पटेल प्रमुख सलाहकार राजिम राज, उपसभापति ईश्वरी पटेल, विशेष अतिथि विनोद पटेल एवं उपस्थित सदस्यों द्वारा मां शाकम्भरी की पूजा अर्चना एवं आरती के साथ प्रारंभ हुआ। पूजा उपरांत उद्बोधन करते हुए फिरंगी पटेल द्वारा संगठन के महत्व को बताया गया। विनोद पटेल द्वारा तहसील इकाई को मजबूत बनाने हेतु उचित पहल करने पर जोर दिया गया। होली मिलन के महत्व को अपनी वाणी से भुवन पटेल द्वारा बताया गया। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष अजय पटेल, उपाध्यक्ष सूर्यकांत पटेल, ठाकुर राम पटेल, सचिव राजूराम पटेल, जोन प्रभारी एवं संचालक लक्ष्मीनारायण पटेल, पूर्व अध्यक्ष बसंत पटेल, हरीश पटेल, संयोजक चंद्रहास पटेल, जिलाध्यक्ष सोमनाथ पटेल, खेलन पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफलता पूर्वक संचालन लक्ष्मीनारायण पटेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम संपन्न होने पर तहसील अध्यक्ष नंदकुमार पटेल द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को सशक्त, समृद्ध और मजबूत बनाया : पारस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को सशक्त समृद्ध और मजबूत बनाने के लिए कदम उठाये है और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। आज पूरे विश्व में भारत का मान और सम्मान बढ़ा है उक्त बाते मैनपुर पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जिला पंचायत गरियाबंद के पूर्व उपाध्यक्ष पारस ठाकुर ने चर्चा करते हुए कही। श्री ठाकुर ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों को पूरी दुनिया देख रही है। भारत विश्व में कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में लगातार बढ़ रहा है अब कि बार भाजपा 400 के पार बहुमत के साथ केन्द्र में सरकार बनायेगी। मोदी की गारंटी पर जनता का विश्वास है भाजपा जो कहती है वह करती है। प्रधानमंत्री आवास योजना, कृषि उन्नति के साथ अनेक विकास कार्य केवल भाजपा के सुशासन में ही संभव है। उन्होने आगे कहा छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था और छत्तीसगढ़ को 15 सालो तक डॉ रमन सिंह भाजपा सरकार ने संवारने का काम किया पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़ में घोटाला और जमकर भ्रष्टाचार किया।



# कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है : विरेन्द्र





हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

वनांचल क्षेत्र, ब्लाक मुख्यालय छुरा के अंतिम छोर में भाजपा मंडल पाण्डुका के अंतर्गत आने वाले शक्तिकेंद्र बोडराबांधा में भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में शनिवार को स्थापना दिवस मनाया गया। इसकी शुरूआत भारत माता एवं महापुरुषों के छाया चित्र में पूजा अर्चना कर की गयीं। स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति विरेन्द्र कुमार साहू ने कहा कि आप सभी कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है। कार्यकर्ताओं ने ही भाजपा को विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनाने की यात्रा ने अपना जीवन समर्पित कर दिया। संगठन के प्रति, अटूट त्याग और समर्पण, कार्य के प्रति पूरी निष्ठा, ईमानदारी व राष्ट्रनिर्माण के संकल्प के साथ दिन-रात लगनशील कार्यकर्ताओं ने भाजपा को करोड़ों देशवासियों की आशा और आकांक्षाओं का सशक्त माध्यम बनाया है। साथ में आगे कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा गरीब कल्याण, सांस्कृतिक विरासतों के पुनर्निमाण व महिलाओं के सम्मान का पर्याय बनकर विकसित भारत के निर्माण के सहयोग दे रही है। इस कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि टीकम साहू, सोशल मीडिया प्रभारी कन्हैया चक्रधारी, मंडल उपाध्यक्ष जवाहर शर्मा, बूथ अध्यक्ष गण लक्ष्मण साहू, देवा निषाद, गुनीत राम साहू, शिव साहू, सहित अन्य सभी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य दल ने लिया मतदान का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



लोकतंत्र के उत्सव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जनसामान्य में जागरूकता लाने के लिए स्वीप अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत जिले के मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। इसके लिए गठित स्वीप टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिले में प्रतिदिन मतदाता जागरूकता संबंधित कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी श्रीमती रीता यादव के मार्गदर्शन में लगातार किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में मतदाता शपथ कार्यक्रम आयोजन किया गया। स्वास्थ्य अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित मरीज़ों ने आगामी लोकसभा चुनाव में आवश्यक रूप से मतदान करने शपथ ग्रहण किया। इसी तरह जिले में लगातार मतदाताओं को मतदान करने जागरूक किया जा रहा है। रैली के माध्यम से घर-घर जाकर लोगों को मतदान करने निमंत्रण दे रहे हैं। रैली में शत-प्रतिशत मतदान की ओर नारा देकर मतदान के दिन मतदान केन्द्र पहुंचकर वोट अवश्य करने प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही सभी छात्रों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए अपने परिवार के लोगों, रिश्तेदारों, मित्रों, परिचितों को भी मतदान करने प्रेरित करने का आह्वान किया जा रहा है। इसके साथ ही मतदाताओं को मतदान करने शपथ भी दिलाई जा रही है। साथ ही गरियाबंद जिले विभिन्न स्थानों में जहां लोगों की आवाजही होती है, ऐसे स्थानों पर लोगों को जागरूक करने के लिए 26 अप्रैल को मतदान अवश्य करने का स्टीकर चस्पा किया जा रहा है। ताकि लोग प्रेरित होकर अपने मताधिकार का प्रयोग अधिक से अधिक करें।

# खुटेरी में भाजपा मछुवारा प्रकोष्ठ की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

भाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ की बैठक ग्राम खुटेरी में शनिवार को हुई। जिसमें जिला उपाध्यक्ष मोती राम निषाद पूर्व सरपंच बिजली विशेष रूप से उपस्थित हुए। मछुआरा प्रकोष्ठ की कार्य समिति को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं ने संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में कठोर परिश्रम किए हैं। जिसके फलस्वरुप भाजपा से राजिम विधायक बनी है। भाजपा कार्यकर्ता जो ठान लेते हैं उसे पूरा अवश्य करते हैं और आप सभी ने भी अपने कर्तव्यों का अच्छे से निर्वहन किए हैं। उन्होंने कहा कि आगे प्रधानमंत्री मोदी जी का चुनाव है और इस चुनाव में हमें और ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। इस कार्यक्रम में प्रदेश संयोजक मछुआरा प्रकोष्ठ नेहरू राम निषाद, मंडल अध्यक्ष प्यारे लाल सोनकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष पूनम यादव, प्रदेश सोशल मीडिया भाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ प्रभारी शरद पारकर, जिला सह सयोंजक मोती राम निषाद, सह सयोंजक राजेश धीवर, कार्यालय प्रभारी मदन निषाद, नरेश निषाद केजू निषाद, छेरकु निषाद उपस्थित थे।

## प्राकृतिक सौंदर्य के साथ रानी मां केरापानी सैलानियों के आकर्षण का है केंद्र

# डूमर के पेड़ से निकलती है अविरल धारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला





प्राकृतिक सौंदर्य के बीच स्थित रानी मां केरापानी सैलानियों के आकर्षण का केंद्र है। मलेवा अंचल में स्थित यह स्थान मुढीपानी के नाम से भी जाना जाता है। यहां फैली बड़ी छोटी गुफाएं आज भी अबूझ पहेली बनी हुई है।केरापानी को अगम गंगा का उदगम स्थल माना जाता है। यहां पर डूमर की पेड़ से अविरल जल धारा बह रही है। हजार फीट ऊपर मलेवा पहाड़ के इस दुर्गम स्थल को शक्ति स्वरूपा देवी रानी मां का कर्मस्थली माना जाता है। मान्यता है कि यहां के गंगा में स्नान करने से गौ हत्या एवं ब्रहम हत्या जैसे पाप भी कट जाते हैं। यहां देववृक्ष, गुलर, जीवनबुटी, केले, देवधानबाली व आम प्राकृतिक रूप से उपलब्ध है वहीं कपाटखोल, अधियारझोला, बगरनपाठ, करहीदहरा जैसे कई रहस्यमय स्थान भी है। खनिज संपदा के दृष्टि से लौह अयस्क व छुहि का भंडार है। तपस्या के दृष्टिकोण से यहां शांत, एकांत माहौल है। 2006 से इस स्थल के संरक्षण संवर्धन को लेकर क्षेत्र के 8 पंचायतों ने मिलकर रानी मां सेवा समिति का गठन किया गया है। यहां पर दोनों नवरात्रि पर्व पर रानी मां का दर्शन करने श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। दुर्गम व पहाड़ी की घाटियों से गुजरते हुए लोग वहां पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं द्वारा दोनों पर्व में मनोकामना ज्योति भी जलाई जाती है। नवरात्रि को छोड़कर बाकी समय में भी लोग यहां पर माता के दर्शन करने आते हैं। यहां नवरात्रि के दोनों पर्व के अष्टमी को भंडारे की व्यवस्था भी की जाती है। यह वनांचल अपने सुरम्य वादियों, पर्वत, झरना, नदियों को अपने आप में समेट हुए हैं। यहां पर दुर्गम रास्ते की बीच विशाल हनुमान जी की मूर्ति स्थापना की गई है। रानी मां के निकट की वादियां सबको आकर्षित करती है, बारिश के दिनों झरनों की रिमझिम फुहार इसे बेहतरीन पिकनिक की जगह बना देता है। मुढीपानी से 3 किलोमीटर दूर घने जंगलों के बीच बसा है। संचालन समिति के सदस्यगण पुजारी डुलेश्वर दीवान, मुढीपानी के समस्त ग्रामवासी, सभी पंचायतों के जनप्रतिनिधि एवं सभी गांवों के ग्राम प्रमुख जुटे हुए हैं।



online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
13 मई से 26 मई 2024, 15 मई से 28 मई 2024
17 मई से 30 मई 2024, 24 मई से 06 जून 2024
29 मई से 11 जून 2024, 01 जून से 14 जून 2024
राशिः-स्लीपर-18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411